हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 4 अगस्त 2025

07 सभी त्यौहार आनंद, उल्लास, आपसी..



08 62 किलोमीटर दूरी तय करके आज चारुवा में भगवान ...





## खबर संक्षेप

### जिले में सात तक मनाया जाएगा स्तनपान सप्ताह

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. नरसिंह गेहलोत ने बताया कि इस वर्ष की थीम है ३इन्वेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इन्वेस्ट इन फ्यूचर३ यानी स्तनपान को सक्षम करनाः काम करने वाले माता-पिता के लिए फर्क करना। इस सप्ताह का उद्देश्य स्तनपान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और माताओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए प्रोत्साहित करना है।

### सड़क दुर्घटना में मदद करने वाले होंगे पुरस्कृत

**नर्मदापुरम।** सड़क दुर्घटनाओं के बाद स्वर्णिम घंटा के भीतर समय पर चिकित्सा सहायता मिलने से अनेक जीवन बचाए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शासन द्वारा ३राह-वीर योजना३ संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत यदि कोई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुँचाता है, तो उसे 25 हजार रूपए नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। राह-वीर बनने का अर्थ है मानवता की मिसाल पेश करना और दूसरों के जीवन की रक्षा के लिए त्वरित कदम उठाना।

## अस्पताल के चालू हालत में नहीं थे जनरेटर और इंनवर्टर, जिम्मेदार मौन

# अव्यवस्था : 4 घंटे जिला अस्पताल की रही बिजली गुल, प्रबंधन की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अपनी अव्यवस्थाओं को लेकर हमेशा चार्चाओं में रहने वाले अस्पताल में फिर एक बार लापरवाही उजागर हुई। शनिवार रात्रि में अस्पताल में बिजली गुल रही जिससे नागरिक और मरीज परेशान रहे। सबसे ज्यादा तकलीफ गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों को हुई। बताया जाता है कि प्रसूति वार्ड में भर्ती मरीज रात भर बिजली से परेशान देखे गये कई मरीजों की तबीयत भी बिगड़ी।

सूत्रों के मुताबिक बिजली गुल होने का मुख्य कारण अभी पता नहीं चला है। इस दौरान बच्चा, प्रसूतिवार्ड, वेटिंग रूम, भर्ती वार्ड अंधेरे में रहे। इस दौरान मरीज और उनके परिजन गर्मी से बेहाल रहे। वहीं कुछ मरीजों को हाथों में टॉर्च और पंखे से राहत पाते दिखाई दिये।

बीती रात जिला अस्पताल में 4 घंटे बिजली गुल होने से मरीज परेशान हुए, जहां महिलों की डिलेवरी नहीं हो सकी वहीं भर्ती अन्य मरीज गर्मी और नवजात बच्चों की तबीयत बिगड़ती दिखी।



### कारण का पता नहीं

शनिवार को गुल हुई बिजली 4 घंटे तक नहीं आई। हालाकि की बिजली गुल होने का कारण अंत तक अज्ञात रहा लेकिन इससे अस्पताल प्रबंधन की अव्यवस्था उजागर हुई है।

### गेट में था ताला, परिजन हुए कैद

लाईट जाने के बाद रात्रि में भर्ती महिलाएं और परिजन गर्मी से राहत पाने के लिए बाहर निकलना चाह रहे थे लेकिन गेट पर ताला डले होने से बाहर नहीं निकल सके और रात भर परेशान होते रहे।

### अपने-अपने तर्क, संतोषप्रद जवाब नहीं

बिजली गुल को लेकर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले को परिजनों द्वारा फोन लगाने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया वहीं सीएमएच डॉ नरसिंह गहलोत ने बताया कि मेरे आवास में भी लाईट नहीं है। बिजली गुल होने के बाद परेशान लोगों ने बिजली विभाग एवं अस्पताल प्रबंधन से समस्या निदान कराने की बात कही लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। दूसरी ओर विद्युत विभाग के जेई विनोद भदौरिया ने कहा कि अस्पताल में विद्युत अपूर्ति निरंतर जारी रही। हमारी ओर से बिजली बंद नहीं की गई है। यह अस्पताल की आंतरिक फाल्ट के कारण हुआ है जिसे ढूंढा जा रहा है। अस्पताल का पॉवर स्टेशन अलग है लेकिन लंबे समय से कोई स्थाई इलेक्ट्रीशियन तैनात नहीं है। विद्युत मरम्मत के लिए प्राइवेट लोगों पर निर्भर रहते हैं। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों का कहना था कि डिलेवरी होनी थी, लेकिन लाईट नहीं होने की वजह से चेकअप नहीं किया गया। लाईट आने के बाद ही जांच की जा सकी।

### जनरेटर, इंनवर्टर थे बंद

अस्तपाल में इंमरजेंसी की स्थिति में जनरेटर और इंनवर्टर की व्यवस्था है परंतु बिजली जाने के बाद भी वे बंद रहे। पूरे अस्पताल में अंधेरा छाया था लोगों ने आरोप लगाया कि यह व्यस्था मात्र कागजों पर है, हकीकत कुछ ओर ही है।

## केन्द्रीय कैबिनेट ने इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को दी मंजूरी

### ज्योतिर्लिंग यात्रा होगी सुगम, दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी देने के लिए आभार माना है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में दी गई इस मंजूरी से मध्यप्रदेश को विशेष लाभ होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन को मंजूरी मिलने से प्रदेश के नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा सहित नागपुर (महाराष्ट्र) को भी इससे सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इटारसी-नागपुर चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी मिलने से प्रदेश के महाकालेश्वर-ओंकारेशवर से श्रीशैलम (आंध्रप्रदेश) और रामेश्वरम (तमिलनाडु) तक ज्योतिर्लिंग यात्रा और सहज एवं आसान होगी।

परियोजना के क्रियान्वयन से हर साल 5.3 करोड़ लीटर डीजल की बचत के साथ ही 10 मिलियन टन अतिरिक्त माल ढुलाई क्षमता विकसित होगी। साथ ही एक हजार 206 करोड़ रुपए की लॉजिस्टिक्स लागत में भी बचत संभावित होगी।

### टेंट हाऊस से जनरेटर और बर्तन किराए पर लेकर भागे युवक, पुलिस ने मामला किया दर्ज

**नर्मदापुरम।** सुखतवा में बिस्कुट फैक्ट्री खोलने आएं दो युवक टेंट हाउस सहित कुछ स्थानीय लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रफूचक्कर हो गए। मामला उजागर होने के बाद शनिवार रात को एक टेंट हाउस व्यवसायी केसला थाने पहुंचा। पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी युवक जितेंद्र कुमार और उसके साथी ने 27 जुलाई को बिस्कुट बनाने की फैक्ट्री डालने के लिए सुखतवा स्थित कालिका कॉलोनी में संतोष मर्सकोले का हॉल किराए से किया। दोनों ने बिस्कुट फैक्ट्री खोलने का कहकर कालाआखर निवासी संतोष मालवीय से टेंट हाउस के एल्युमीनियम के बर्तन और एक जनरेटर लिया। आरोपी जनरेटर, एल्युमीनियम के बर्तन लेकर दोनों रफूचक्कर हो हुए। तीन, चार दिन फरियादी दोनों को ढूंढते रहे। फिर शनिवार रात को वे थाने शिकायत करने पहुंचे। केसला थाना प्रभारी उमाशंकर यादव ने बताया दो युवकों द्वारा सुखतवा में बिस्कुट फैक्ट्री खोलने के लिए किराए का हाल लिया। जनरेटर और बर्तन भी किराए पर लिए। जिसे लेकर वो दोनों फरार हो गए। दोनों की तलाश कर रहे है।

## राज्य स्तर पर मप्र भूलेख पोर्टल जीआईएस 2.0 लॉन्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रमुख सचिव, राजस्व विवेक पोरवाल ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में संचालित भूलेख पोर्टल का वर्जन-1 (वेब जीआईएस 1.0) संचालित किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता को बढ़ाते हुए अब वेब जीआईएस 2.0 लांच किया गया है। नये पोर्टल पर लांच किया गया है।

एमपी भूलेख पोर्टल राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को भूमि से संबंधित दस्तावेज की जानकारी ऑनलाइन प्रदान करने के लिये विकसित किया गया है। आयुक्त राजस्व श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्व विभाग ने नवीन पोर्टल 2.0 को पहले नरसिंहपुर और सिवनी जिलों में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया गया था।

इसके सफल संचालन के बाद 30 जुलाई, 2025 से राज्य स्तर पर लागू किया गया है। भूलेख के नये वर्जन के आने से नागरिकों को कम समय में अधिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। वेब जीआईएस 2.0 में वेब पोर्टल के साथ-साथ मोबाइल ऐप भी उपलब्ध कराया है। अब नागरिक खसरे की प्रमाणित प्रतिलिपि व्हाट्स ऐप से भी प्राप्त कर सकते हैं।

## श्री रावतपुरा सरकार भक्तमण्डल के द्वारा किया गया पौधरोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रावतपुरा सरकार श्री रविशंकर महाराज जी की आज्ञा आदेश से रावतपुरा सरकार भक्तमण्डल एवं मिनाक्षी महामाया जनकल्याण समिति नर्मदापुरम द्वारा लगातार पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है, जिससे आमजन को छाया, फल एवं पूजन सामग्री मिल सकेगी।

इसी क्रम मे रविवार को आम, जाम, नारियल, शमी, पारिजात, बादाम, चीकू, संतरा, मोशाम्बी, कटहल, लाल चन्दन, सफ़ेद चन्दन, रद्राक्ष, बेलपत्र, जामुन, सीशम, सीताफल, पीपल, आमला, अशोक, कनेर, चांदनी, गुलाब के छायादार, फलदार, फूलदार 108 पौधों का पौधारोपण भानपुर एवं डांगीबाड़ा मे किया गया। जिसमे रावतपुरा सरकार भक्तमण्डल एवं मिनाक्षी महामाया जनकल्याण समिति नर्मदापुरम के सदस्य



वेदब्रत ओमरे, मनोज सोलंकी, दौलतसिंग, जगदीश सैनी, माया सोलंकी, दीनबन्धु यादव, चरणसिंह राठौर, प्रदीप मालवीय उपस्थित रहे एवं आम जनमानुष से अपने जन्मदिन, सालगिरह के पावन अवसर पेड़ पौधे लगाने की अपील की।

## पेंटिंग प्रदर्शनी में कलाकृतियों की दिखी सुंदरता डॉ ज्योति की पेंटिंग की दर्शकों ने की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के सेठा हॉस्पिटल में पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की पेंटिंग प्रदर्शनी लगाई गई। इस कलाकृति को देखकर लोगों ने जमकर प्रशंसा की। पेंटिंग प्रदर्शनी में डॉक्टर ज्योति सेठा ने भी पेंटिंग प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की पेंटिंग का प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि मुझे पेंटिंग का शौक है और मेरे माता-पिता के आशीर्वाद से यह संभव हुआ है। मैं शुरू से ही काफी पेंटिंग बनाती रही हूं। शहर में



आयोजित इस पेंटिंग प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार की पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया गया, जिन्हें देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। अलग-अलग प्रकार की पेंटिंग यहां पर बनाई गई थी। पेंटिंग्स में कलाकृतियों का उपयोग, हाथ की पेंटिंग से किया गया था, जो बहुत ही सुंदर और आकर्षक थीं। इन पेंटिंग्स की लोगों ने काफी सराहना की।

उनकी कई पेंटिंग का प्रदर्शन किया जा चुका है। पेंटिंग प्रदर्शनी देखने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव भी उपस्थित थीं और उन्होंने पेंटिंग्स की सराहना की। इसके साथ ही इस मौके पर पार्षद , समाजसेवी, प्रबुद्ध जन भी प्रदर्शनी में उपस्थित थे और उन्होंने पेंटिंग्स की प्रशंसा की।

## नन्हे गणितज्ञों ने 10 मिनट में हल किए 150 जटिल सवाल

### कौन बनेगा मैथ्स चैंपियन प्रतियोगिता संपन्न, अनुशासन के साथ ही उत्तरदायित्व की सीख देने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कौशल श्री विकास समिति द्वारा आयोजित कौन बनेगा मैथ्स चैंपियन प्रतियोगिता रविवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नर्मदापुरम में उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में शामिल नन्हे गणितज्ञों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से सबको चौंका दिया महज 10 मिनट में 150 जटिल सवाल हल कर बच्चों ने अपनी गति, एकाग्रता और गणना कौशल का जबरदस्त प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद् अरुण शर्मा ने कहा कि गणित बच्चों के मस्तिष्क को तीव्र बनाने के साथ-साथ उन्हें अनुशासन और उत्तरदायित्व सिखाता है। इसकी



निरंतर प्रैक्टिस से आत्मविश्वास और फोकस दोनों ही विकसित होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी अजय सैनी ने कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में बड़े मंचों के लिए मानसिक तैयारी और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टिकोण का विकास करती हैं। शहर में ऐसी पहल लगातार होना आवश्यक हैं। कौशल श्री विकास समिति के संयोजक मनीष बिल्लौरे ने कहा कि बच्चों की यह दक्षता उनके उज्जवल भविष्य की ओर स्पष्ट संकेत करती है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चे को गणित से डर नहीं, दोस्ती हो।

### प्रतियोगिता चार स्तर

प्रतियोगिता चार स्तरों में की गई जिनमें बिगिनर्स, बेसिक, एडवांस और हायर में विभाजित किया गया था। बच्चों को उनकी उम्र और कक्षा के अनुरूप प्रश्न पत्र दिए गए। 150 गणितीय सवालों को कुछ प्रतिभागियों ने मात्र 6 से 7 मिनट में ही हल कर सबको चकित कर दिया। कार्यक्रम का संचालन जेबा गौहर ने किया। आयोजन में पार्षद नरेंद्र यादव, पूर्व सरपंच अंबिका राजपूत, नर्मदा प्रसाद वर्मा, राकेश पांडे, सुनील सोनी, देवीसिंह राजपूत, सूरत सिंह, सतीश बिल्लौरे, सलोनी सराठे, सोनम रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### जुआ फड़ से भागा जुआरी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**नर्मदापुरम।** एसएनजी स्कूल ग्राउंड में जुआ फड़ पर दबिश के दौरान फरार हुआ आरोपी भगवानदास जाटव शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे धारा 151 के तहत तहसीलदार कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजने के आदेश हुए। कोर्ट से निकलते ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। घबराहट और ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। करीब ढाई घंटे इलाज के बाद हालत ठीक होने पर रात को उसे जेल भेजा गया। कोतवाली पुलिस 31 जुलाई की शाम बालागंज क्षेत्र में ऑटो से जुआ पकड़ने गई थी। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर चार आरोपियों सौरभ चौहान (ईदगाह फाटक), सतवंत सिकलीघर, बलवान सिंह और छोटेलाल को पकड़ा था। भगवानदास जाटव दबिश के दौरान भाग गया था।

## 'दिल दिया है जां भी देंगे, ऐ वतन तेरे लिए' सांसद द्वारा गाए गीत पर मंत्रमुग्घ हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम युवा मंडल का सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में रविवार को नेहरू पार्क में नगर के संगीत कलाकारों ने किशोर कुमार के जन्मदिन को समर्पित किया। सभी कलाकारों ने किशोर कुमार के गीत गुनगुनाएं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दूरदर्शन कलाकार कपूर नागर ने दीप प्रज्ज्वल व पुष्पांजलि कर शुरुआत की। रविवार शाम नेहरू पार्क में सुरीला नर्मदापुरम कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह भी पहुंचे। सांसद ने देशभक्ति गीत गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान पार्क में घूमने आए लोग भी अपने आप को



रोक नहीं पाए और उन्होंने भी सांसद दर्शनसिंह के साथ देशभक्ति गीत गाए। कार्यक्रम से जुड़े मनीष परदेशी ने बताया कि आज किशोर कुमार का जन्मदिन है इसलिए गीत संगीत के इस सुरीले कार्यक्रम से लोगों ने किशोर कुमार के गीत गाए। संगीत कलाकार अनुप रिछारिया, तरुण देव, महेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. नैना सोनी, अतुल मंडलोई संजय रायकवार, कमल झा, गौरव नायक ने अपने सुरीले गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत, दीपक महालहा, विशाल दीवान, आदि कलाकारों का स्वागत सम्मान किया।

## मातृशक्ति ने नर्मदा तट पर चलाया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में घाट के किनारे से कचरा और कूड़ा साफ किया गया और बारिश से इकट्ठा हुआ मलबा भी साफ किया गया। इसके बाद पूरे कचरे को एकत्रित करके डस्टबिन में डाला गया।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि हमें श्रद्धा के साथ साफ सफाई भी रखना चाहिए। लोग नर्मदा में सिक्का डालते हैं श्रद्धा रखते हैं लेकिन गंदगी साफ नहीं होती।

आज हमने सिक्के निकाले और गरीबों को दिए। पूजन पाठ के साथ साफ सफाई बहुत जरूरी है। इसको इस अभियान में सभी को शामिल होना चाहिए । उन्होंने आज मिट्टी की साफ सफाई की गई । वहीं सुमन वर्मा ने कहा कि गंदगी को डस्टबिन में डालना चाहिए।

### डॉ शर्मा ने नर्मदा अपना अस्पतला स्थित तपोवन में किया पौधरोपण

## पौधों का रोपण हमें अपनी अगली पीढ़ी के लिए करना है जैसे हमारे पूर्वज हमारे लिए करके गए: डॉ राजेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रविवार को आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष व सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ राजेश शर्मा ने अपना जन्मदिन नर्मदा अपना अस्पताल स्थित तपोवन में युवा तरुणाई, मातृशक्ति व गणमान्य नागरिकों के साथ पौधरोपण कर मनाया।

आरोग्य भारती मध्यभारत प्रान्त के अध्यक्ष डॉ राजेश शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि पौधरोपण कोई दिखावे के आयोजन नही है आज हम जिस हवा में श्वांस ले रहे हैं वो हमारे पुरखों की देन है जो उस समय ये अच्छे से जानते थे कि आज के पौधे कल के पेड़ बनेगें और हमारी कई पुश्तों को फ़ल, छाया और



प्राणवायु देंगे। आरोग्य भारती में तो पर्यावरण एक पूरा आयाम ही है। जिसमे हम न केवल फलदार पौधों बल्कि औषधीय पौधों के रोपण में पूरी निष्ठा से लगे हैं। आज हमने 101 पौधों का रोपण किया है जिसमे से कुछ पौधे हमारे इस प्रांगण में और बाकी के पौधे आरोग्य भारती के आरोग्य मित्रों के घर के बरामदे, पास के पार्क, किसी के खलिहान में और किसी के घर के सामने लगाए है और जिनकी देखभाल हम उनके वृक्ष बनने तक करेंगे।

इस वृक्षारोपण में आम, संतरे ,नीबू, चीकू,कटहल और मौसम्बी जैसे फलदार वृक्षों के साथ ही नीम, कदम, पीपल जैसे छायादार पौधे भी लगाए गए। कार्यक्रम में पधारे सभी सुधीजन ने बड़ी ही प्रसन्नता के साथ पौधे लगाए और आरोग्य भारती के प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की। सभी ने आरोग्य भारती से जुड़ने का संकल्प भी लिया।

## फ्रेंडिशप डे पर युवाओं ने चलाया करो स्वच्छता से मित्रता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आओ मिलाओ हाथ, करो दोस्त से स्वच्छता का वादा, जिस प्रकार हम फ्रेंड को फ्रेंडशिप बेल्ट पहना के साथ निभाने का वादा करते है उसी प्रकार इस फ्रेंडशिप डे समिति के सदस्यों द्वारा नगरवासियों को फ्रेंडशिप बैंड पहनाए व नगर में स्वच्छता से मित्रता का सन्देश दिया व संकल्प दिलाया कि हम कभी रोड पर कचरा नही फेकेंगे , थूकेंगे नही, नगरवासियों का अपार प्रेम संस्था को मिला व अभियान की सराहना की, संस्था इसी प्रकार लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर स्वच्छता का संकल्प दिलाएगी। कार्यक्रम में समिति के स्वदेश सैनी, तन्मय करैया, गोलू राजपूत, अंकित सैनी, अमन तोमर, मोहित पटवा, संकेत अग्रवाल, प्रिंस साहू, आयुष गौर, रितेश मालवीय आदि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### महिलाओं ने लिया हरियाली का संकल्प

**बैतूल।** प्रगति सोशल वेलफेयर समिति की अध्यक्ष प्रेरणा शर्मा का जन्मदिन समिति की सदस्यों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर समिति की सदस्य नंदिनी तिवारी, कांति मिश्रा, माया पाल, पूजा अतुलकर, मोना शर्मा, प्रीति वर्मा और खुशी उपस्थित रहीं। सभी ने प्रेरणा शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पौधा भेंट किया और सामूहिक रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी ने कहा कि जन्मदिन जैसे विशेष दिनों को यादगार और समाजोपयोगी बनाने का सबसे बेहतर तरीका है कि इसे प्रकृति की सेवा में लगाया जाए। पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेने से धरती को हरा-भरा बनाया जा सकता है। आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ वातावरण प्रदान किया जा सकता है। समिति की अध्यक्ष प्रेरणा शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके जीवन का सबसे सुखद और अर्थपूर्ण जन्मदिन रहा। उन्होंने समाज से भी अपील की कि हर खास मौके पर पौधा जरूर लगाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएं।

### विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की बैठक संपन्न



**बैतूल।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ जिला शाखा बैतूल की मासिक बैठक विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड लिंक रोड टिकारी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रेवाराम वराठे ने की। उन्होंने बताया कि सदस्यों द्वारा उठाए गए चौथे वेतनमान के 35 वर्षीय लंबित प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर संबंधित संभागों और वृत्तों को प्रेषित कर निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। बैठक में पेंशनर्स से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जीटीआईएस के भुगतान, महंगाई राहत के एरियर्स के भुगतान और पांच लाख रुपये तक के उपचार बीमा से संबंधित विस्तृत जानकारी भी सभी सदस्यों को दी गई। इस अवसर पर संगठन की ओर से सदस्यों को सभी योजनाओं का लाभ समय पर दिलवाने का भरोसा दिलाया गया। बैठक में लगभग 70 सदस्य मौजूद रहे, जिनमें वरिष्ठ और नव सेवानिवृत्त पेंशनर्स शामिल थे। माह जुलाई एवं उससे पहले सेवानिवृत्त हुए विनायक खोबरे, परसराम यादव, राधे लाल यादव, परसराम उघडे और हरिराम पंडाग्रे का पुष्पहार पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। सदस्यों ने उनके सेवा काल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बैठक का समापन संगठन की एकजुटता और पेंशनर्स हितों की रक्षा के संकल्प के साथ किया गया।

## 6 माह में लिए 688 नमूने, 539 की आई रिपोर्ट, 7 प्रकरण दायर

# मिलावट के खिलाफ खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन का अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिलावट के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विभाग ने विगत 6 माह में जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ब्लाकों से करीब 688 नमूने लिये है। जिन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है। इसमें से तीन सेम्पल फेल हुए है, जबकि 7 प्रकरण दायर किये गये है।




खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटिल ने बताया कि जिला कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का मिलावट के खिलाफ अभियान जारी है। जिसमें जिले की होटलों, किराना दुकानों, बेकरी सहित खाद्य सामग्रियों का विक्रय करने वाली दुकानों से सैंपल लिए जा रहे है। इन सेम्पलों को जांच के लिए भोपाल लैब भेजा गया है। जिसमें से अभी तक 539 सैंपलों की रिपोर्ट मिल चुकी है। वहीं शेष 149 सैंपलों की रिपोर्ट आना शेष है। बता दे कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा लीगल और सर्विलेंस नमूने लिये जाते है। इन नमूनों की जांच के उपरांत प्रकरण दायर किये जाते है। यदि खाद्य सामग्रियों में मिलावट पाई जाती है तो संबंधित पर जुर्माने की कार्रवाई या कारावास का प्रावधान है।

### 239 लीगल और 449 सर्विलांस नमूने लिये

खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप पाटिल ने बताया कि 1 जनवरी से लेकर 30 जून 2025 तक 239 लीगल और 449 सर्विलेंस नमूने लिए। जिसमें से 183 लीगल नमूने और 356 सर्विलेंस नमूनों की रिपोर्ट आई है। वहीं 3 सेम्पल फेल हुए है। बता दे कि विभाग द्वारा खाद्य सामग्रियों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जाते है। जिसमें रिपोर्ट आने में देरी होती है। तब तक अधिकांश खाद्य सामग्री मार्केट में खप जाती है। जानकारों का मानना है कि व्यवस्था यह होना चाहिए कि जिले से जितने सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजे जाते हैं। उनकी जांच रिपोर्ट समय-सीमा में जिले को वापस मिलना चाहिए, ताकि रिपोर्ट के आधार पर अधिकारी से अभियोजन की स्वीकृति लेकर दोषी कारोबारियों पर प्रकरण सक्षम न्यायालय में लगाए जा सकें।

### 149 रिपोर्ट आना बाकी, 3 सैंपल फेल

जिले में खाद्य विभाग द्वारा जो नमूने लिये गये थे, उसमें से 56 लीगल नमूनों की रिपोर्ट आना बाकी है। इसी तरह सर्विलांस नमूनों में 93 नमूनों की रिपोर्ट अभी अप्राप्त है। वहीं 3 नमूनों के सैंपल फेल हो गये। खाद्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस साल 7 प्रकरणों को दायर किया गया था। वहीं पिछले साल 2024 में 11 प्रकरण किये थे और दोषसिद्ध कारोबारियों पर 6 लाख 60 हजार का जुर्माना किया था, वहीं विगत 1 जनवरी से 30 जून तक 7 प्रकरण दायर किये गये थे। जिसमें से 5 प्रकरण निर्णित हो गये है, दो प्रकरण विचाराधीन है। वहीं दुकानदारों पर 65 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### त्योहारी सीजन में और तेज होगा अभियान

आगामी समय त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है। अगस्त में रक्षाबंधन, इसके बाद गणेश स्थापना, दशहरा और फिर दीपावली त्योहार है। ऐसे में विभाग द्वारा आने वाले दिनों में अभियान और तेज किया जायेगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा मिलावट के खिलाफ अभियान साल भर जारी रहता है, लेकिन त्योहारों के सीजन में अभियान तेज कर दिया जाता है, ताकि लोगों को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके और मिलावट पर पूर्णतः रोक लग पाये। विभाग मिलावट खोरों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है।

**इनका कहना है**

विभाग द्वारा लगातार खाद्य सामग्रियों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे है। 1 जनवरी से अभी तक विभाग ने 688 सेम्पल जांच के लिए भेजे थे, जिसमें से 539 नमूनों की रिपोर्ट आई है। वहीं 3 सेम्पल फेल हुए है। 7 प्रकरण दायर कर 65 हजार का जुर्माना लगाया है।

\- संदीप पाटिल
खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बैतूल

## बेटी के सामने हुआ हृदयविदारक कृत्य

# पत्नी से विवाद के चलते पति ने कुल्हाड़ी से की हत्या, आरोपी फरार



**बैतूल।** पत्नी से विवाद के चलते पति ने कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। इस हृदयविदारक कृत्य को बेटी ने अपनी आंखों से देखा। फिलहाल पुलिस हत्यारे पति की तलाश कर रही है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार सूचनाकर्ता राहूल पिता स्व. गोरेलाल सेलूकर (21) निवासी गौलीढाना चिखली चौकी भीमपुर थाना चिचोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी मौसी सुम्मी सेलूकर ग्राम पटवारीढाना चिखली में रहती है। 3 अगस्त को सुबह करीब 9 बजे मौसी की 15 वर्षीय लडकी ने घर आकर बताया कि रात को करीब 2.00 बजे उसके पापा सुखराम सेलूकर ने मम्मी सुम्मी सेलूकर के साथ कुल्हाड़ी से मारपीट की थी और सुबह तक मम्मी नहीं उठी। घायल अवस्था में पड़ी हुई है। मम्मी के सिर में से खून निकल रहा है। मैने, मेरी मां शीला सेलूकर दोनों मौसी सुम्मी सेलूकर के घर आये, जहां मेरी मौसी सुम्मी सेलूकर के चेहरे पर चोट के निशान थे और सिर में चोट आकर खून निकला हुआ था। मौसी सुम्मी के साथ मेरे मौसिया सुखराम सेलूकर ने कुल्हाड़ी से मारपीट कर हत्या की है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस. तथा धारा 103(1) बीएनएस. का कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के मृतिका सुम्मी सेलूकर के शव का पीएम सीएचसी भीमपुर में कराया गया।

### आरोपी की तलाश कर रही पुलिस

घटना के बाद फरार पति की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है। तथा जल्द ही उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। प्रारंभिक पूछताछ में मृतिका की नाबालिग पुत्री ने बताया कि रात्रि लगभग 2 बजे उसके पिता सुखराम सेलूकर (45 वर्ष) ने घरेलू विवाद के दौरान उसकी मां सुम्मीबाई सेलूकर से गाली-गलौज कर मारपीट की तथा कुल्हाड़ी से सिर पर वार किया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सुबह जब पुत्री जागी तो मां को खून से लथपथ मृत अवस्था में पाकर तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

### 16 को दही हांडी महोत्सव का आयोजन

**बैतूल।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर लिवो लाइंस क्लब बैतूल के तत्वावधान में भव्य दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 16 अगस्त शनिवार को न्यू बैतूल ग्राउंड में आयोजित होगा। क्लब प्रवक्ता नीलराज पगारिया ने बताया कि सामाजिक एकता, युवाओं के उत्साह, और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहन देने के लिए किया जा रहा है। प्रतियोगिता में जिले एवं आसपास की लगभग 30 से अधिक टीमों की भागीदारी अपेक्षित है। प्रतियोगिता में विजयी टीम को प्रथम पुरस्कार स्वरूप 21,000 रूपये प्रदान किये जायेगे। प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने वाली टीम को 3,000 रुपये पंजीयन शुल्क जमा करना होगा।

## फूलचंद नारे बने अध्यक्ष

# आसीरगढ़ परगना ब्लॉक आमला युवा संगठन की नई टीम गठित




**बैतूल।** सूर्यवंशी ढोलेवार कुंबी समाज जिला बैतूल के अंतर्गत ब्लॉक आमला में वरिष्ठ संगठन आसीरगढ़ परगना के तत्वावधान में 2 अगस्त शनिवार को ब्लॉक युवा संगठन आसीरगढ़ परगना की नवीन कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। गठन कार्यक्रम में वरिष्ठ संगठन आमला एवं बैतूल के वरिष्ठजन, संरक्षक, संयोजक, ब्लॉक पदाधिकारी, ग्राम इकाइयों के सदस्य, जिला सदस्य एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। तीन वर्षों की अवधि के लिए गठित इस टीम से संगठन को नई दिशा और ऊंचाई की अपेक्षा की जा रही है। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से फूलचंद नारे को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सतीष पुण्डे को दी गई, वहीं कोषाध्यक्ष के रूप में भवानी शंकर गंगारे का चयन हुआ। सचिव पद पर शिवकुमार छेरकी को जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि महामंत्री नरेंद्र पप्पू आसोले बनाए गए। मीडिया प्रभारी के रूप में हरिराम घोंघड़े एवं बंसी रावत की संयुक्त नियुक्ति की गई। संरक्षक मंडल में राजू कापसे और शिवपाल गंगारे को शामिल किया गया है। संगठन को सुचारु रूप से चलाने के लिए तीन संयोजकों की नियुक्ति की गई, जिनमें अजय गंगारे, अर्जुन पुण्डे और यशवंत हुड़े शामिल हैं। कार्यकारिणी का गठन पूर्णतः निर्विरोध किया गया, जिससे संगठन की एकता और सहयोग की भावना स्पष्ट दिखाई दी। वरिष्ठ संगठन अध्यक्ष भोलाराम कोकाटे ने वरिष्ठ संगठन आसीरगढ़ परगना, ब्लॉक आमला की ओर से सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी गईं।

## बीईओ पर लगे लापरवाही के आरोप

# हद है...प्राइमरी स्कूल में नशे में सोता मिला शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



चिचोली विकासखंड में अधिकारियों की लापरवाही के चलते सरकारी स्कूलों की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि शिक्षक शराब पीकर स्कूल पहुंच रहे हैं और ड्यूटी निभाने के बजाय लापरवाही बरत रहे हैं। जिसका वीडियो को सामने आया है।

आरोप है कि ग्राम पंचायत बेला के मांडवादा प्राइमरी स्कूल में शनिवार को एक शिक्षक शराब के नशे में धुत्त होकर स्कूल कार्यालय में सोता मिला। जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के कार्यकर्ताओं ने स्कूल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इसका वीडियो भी बना लिया जो रविवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार इस स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ है। स्कूल पहुंचे जयस नेताओं को बच्चों ने बताया कि शिक्षक हमेशा नशे की हालत में स्कूल आते हैं। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिवम उईके ने बताया कि इस तरह की घटनाएं पहले भी देखी गईं हैं। उन्होंने बीईओ दीपक महाले को पहले ही इस संबंध में शिकायत की थी। लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को भी बीईओ को कॉल किया गया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विवेक पांडे ने बताया कि शिक्षक का नाम कमलेश बनकर है। उसे दो दिन पहले ही अजई प्राथमिक शाला से मांडवादा प्राइमरी स्कूल में अटैच किया गया था। उन्होंने कहा कि बीईओ चिचोली को विद्यालय जाकर जांच कर रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया गया है।

# एक पेड़ मां के नाम एक अभियान नहीं हमारा दायित्वः डीडी उइके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



भारतीय जनता पार्टी के एक पेड़ मॉ के नाम अभियान कार्यक्रम के तहत बैतूल गंज मंडल में रविवार सुबह जाकिर हुसैन वार्ड गर्ग कॉलोनी में पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उईके, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे,नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, अभियान के जिला सयोजक आनंद प्रजापति, अभियान के सहसंयोजक आठनेर नगर पालिका अध्यक्ष सुषमा जगताप, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चे के जिलाध्यक्ष संजू सोलंकी, गंज मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों व नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

पौधारोपण कार्यक्रम में वार्ड के लोगों ने बढचढकर हिस्सा लिया और अपने घरों के सामने पौधे लगाकर उन्हें पेड बनते तक पालने की जिम्मेदारी पालक बन कर ली। इस दौरान श्री उइके ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में इतने पौधे अवश्य लगाना चाहिए अपने जीवन में जितनी आवश्यकता हमें ऑक्सीजन व लकडीयों की होती है वह आवश्यकता कम से कम हम एक पौधा लगाकर पूरी कर सके। यह सिर्फ एक अभियान नही प्रकृति के प्रति हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि एक पौधे को पालना एक अश्वमेध यज्ञ के बराबर होता है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पवार ने प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी के अभियान पर चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान को लेकर कहा कि पूरे जिले भर में 30 मंडलों में पौधारोपण का कार्यक्रम 15 अगस्त तक चलेगा। जिसमें हजारों की संख्या में पौधारोपण भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय लोगों के साथ करेंगे। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को उन पौधों का पालक बनाया जाए जिससे कि वह पेड़ बन सके। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, अभियान के जिला संयोजक आनंद प्रजापति ने भी पौधारोपण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सहसंयोजक संजू सोलंकी ने किया एवं आभार सहसंयोजक सुषमा जगताप ने किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में वार्ड वासियों सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं गर्ग कॉलोनी रामनगर पौधारोपण ग्रुप के सदस्य उपस्थित रहे।

## सैकड़ों बच्चे हुए शामिल

# बैतूल में 11 केंद्रों पर हुई आदिवासी संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**बैतूल।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर रविवार 3 अगस्त को आदिवासी संस्कृति ज्ञान परीक्षा हुई। यह परीक्षा जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों और जिला मुख्यालय पर हुई। परीक्षा तीन वर्गों में विभाजित थी। पहला वर्ग कक्षा 5वीं से 8वीं, दूसरा कक्षा 9वीं से 12वीं और तीसरा वर्ग कॉलेज विद्यार्थियों के लिए था। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चली। जिला स्तरीय परीक्षा बैतूल के मेडिटेक करियर इंस्टीट्यूट सिविल लाइन में हुई। यहां 86 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। ब्लॉक स्तर पर भी परीक्षा आयोजित की गई। आठनेर में सबसे अधिक 521 विद्यार्थी शामिल हुए। शाहपुर में 90 और मुलताई में 40 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। अन्य केंद्रों से अभी तक विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी नहीं मिल पाई है। परीक्षा में संविधान से जुड़े अनुच्छेद, आदिवासी किले, रीति-रिवाज, विवाह परंपरा और राजा-रानियों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। परीक्षा में ऑप्शनल, लघु और दीर्घ उत्तरीय प्रश्न शामिल थे। परीक्षा में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 9 अगस्त को आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर विशेष प्रभारियों की नियुक्ति की गई थी।



# पांढुर्ना के नितेश ने जीती फौजी दौड़ चैंपियनशिप

## अग्निवीर परीक्षा पास करने वाले 250 युवा हुए शामिल

**बैतूल।** बैतूल पुलिस ग्राउंड में रविवार को मेरा वतन वेलफेयर फाउंडेशन और आरए स्पोर्ट्स बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में 1600 मीटर की फौजी दौड़ चैंपियनशिप-2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बैतूल सहित आसपास के 10 जिलों से 250 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया। भोपाल एआरओ अग्निवीर (आर्मी) 2025 की लिखित परीक्षा में सफल युवाओं के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता को तीन समूहों में बांटा गया। पहले ग्रुप में 70, दूसरे में 85 और तीसरे ग्रुप में 80 युवाओं ने दौड़ में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पांढुर्ना के नितेश इवनाती ने 4 मिनट 59 सेकंड 09 मिली सेकेंड का समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। बैतूल के संदीप इवने 4 मिनट 59 सेकेंड 61 मिली सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि हरिश्चंद्र यादव ने 5 मिनट 1 सेकेंड में दौड़ पूरी कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों से 51 रुपए का प्रवेश शुल्क लिया गया। आयोजकों ने पहले 50 प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार दिए और कुल 25 हजार रुपए की इनामी राशि वितरित की। आयोजकों ने बताया आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, फिटनेस और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रघुकुल डिफेंस अकादमी, आरए स्पोर्ट्स, कमांडो फिजिकल अकादमी और बैतूल फिजिकल अकादमी का विशेष योगदान रहा।

## बैतूल में महावीर इंटरनेशनल संकल्प और वर्धमान हेल्थ केयर सेंटर की पहल

# स्वास्थ्य शिविर में 215 से अधिक मरीजों को मिला उपचार

**बैतूल।** महावीर इंटरनेशनल संकल्प के तत्वाधान में वर्धमान हेल्थ केयर सेंटर के सहयोग से शुक्रवार 1 अगस्त को दादावाड़ी रोड अलंकार लॉन के सामने स्थित वर्धमान हेल्थ केयर सेंटर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 215 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क जांच और परामर्श का लाभ लिया। स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीज पहुंचे जिनकी जांच व उपचार के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि जैकब गुन्नी, डेंटल सर्जन डॉ. अंशुल एलेक्स गुन्नी तथा एमडी मेडिसिन डॉ. देवेश अमरूते ने मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क परामर्श दिया। शिविर की खास बात यह रही कि इसमें मरीजों का लीवर फाइबो स्कैन पूरी तरह से मुफ्त किया गया, जिससे लीवर का गहन विश्लेषण किया गया। इसके अलावा हृदय रोग, ईसीजी, इको, बीपी, किडनी रोग, लीवर, खून की बीमारियां, शुगर और थायरॉइड जैसी समस्याओं की जांच और उपचार की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध कराई गई। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंचीं जिन्होंने स्त्री रोग विशेषज्ञ से अपनी समस्याओं की जांच और परामर्श प्राप्त किया। यह स्वास्थ्य शिविर सुबह 10.30 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे तक चला जिसमें लगातार मरीजों की उपस्थिति बनी रही और लोगों ने इसका भरपूर लाभ उठाया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर भविष्य में भी लगाए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।



## श्रमिक संगठनों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

### पेटी कांट्रेक्टर को काम नहीं दिये जाने की मांग



**सारणी।** श्रमिकों के हितों के लिए काम करने वाले संगठन भारतीय मजदूर संघ एवं भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ द्वारा श्रमिकों के शोषण के खिलाफ कई बार ज्ञापन दिया गया एवं धरना प्रदर्शन भी किया गया, परंतु इन विषयों पर प्रबंधन द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया गया। कोई ठोस या उचित कार्रवाई नहीं की गई। अब ठेका श्रमिक संघ के साथ प्लांट में कर्मचारियों के हितों के लिए काम करने वाले संगठन कर्मचारी उत्पादन संघ के साथ और भी कई अन्य संगठनों ने मिलकर क्षेत्रीय विधायक योगेश पंडाग्रे को ज्ञापन सौंपा। भारतीय मजदूर ठेका श्रमिक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सागर एवं महामंत्री विनोद भारती, वरिष्ठ सदस्य राजेश भारती, ठेका श्रमिक अजय बरपेटे और चंदन भंनारे ने बताया कि एस हैंडलिंग प्लांट में ऑपरेशन मेंटेनेंस का काम पश्चिम बंगाल की क्रांति कंपनी पिछले 2 साल से कर रही थी और इस कंपनी ने यह काम बालाजी इंटरप्राइजेज सारणी को पेटी पर दे दिया और बालाजी एंटरप्राइजेज द्वारा इस कार्य में कार्यरत ठेका श्रमिकों का शोषण किया गया। इस कंपनी द्वारा श्रमिकों से कुशल श्रेणी का कार्य कराकर उन्हें अर्ध कुशल का वेतनमान दिया गया इस प्रकार श्रमिकों के हक और अधिकार के वेतनमान को इनके द्वारा नहीं दिया गया इस विषय पर संघ द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया, इसके बाद जिला श्रम विभाग की जांच हुई और जांच में पाया गया कि श्रमिकों का शोषण किया गया है इस विषय पर जिला श्रम न्यायालय में मामला भी पंजीबद्ध किया गया है जो की प्रक्रिया में अब फिर से इसी पेटी कॉन्टैक्टर बालाजी इंटरप्राइजेज को काम दिए जाने का सभी ठेका श्रमिक और श्रमिक संगठन और यूनियन विरोध कर रही है और इसी मामले को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। इस अवसर पर कर्मचारी उत्पादन संघ के अध्यक्ष लाखन चौधरी, कोषाध्यक्ष वासुदेव साकरे, कर्मचारी उत्पादन संघ के प्रदेश प्रभारी कमल जैन के अलावा विधायक प्रतिनिधि संजय अग्रवाल, बीएमएस के वरिष्ठ पदाधिकारी विजय पडलक आदि रहे मौजूद।

## आज होगा मां नर्मदा के जल से शिव अभिषेक, सूरजकुंड से निकलेगी विशाल कांवड़ यात्रा



**आंचलखेड़ा।** धर्म जागरण समन्वय समिति आंचलखेड़ा के तत्वावधान में आज श्रावण मास के अंतिम सोमवार को विशाल कावड़ यात्रा सूरजकुंड से मां नर्मदा का जल भरकर आंचलखेड़ा पहुंचेगी जहां प्राचीन शिव मंदिर में मां नर्मदा के जल से भगवान शिव का जल अभिषेक किया जाएगा।
समिति द्वारा मिली जानकारी के अनुसार धर्म जागरण समन्वय समिति आंचलखेड़ा द्वारा इस बर्ष लगभग 1 हजार से अधिक कांवड़िया इस विशाल कावड़ यात्रा में शामिल होंगे। कावड़ यात्रा सूरजकुंड से मां नर्मदा का जल भरकर धानसी, ढोढ़ई, मांगरोल-मोहासा चोराहा ,मढावन ,मनवाड़ा गांव होते हुए आंचलखेड़ा पहुंचेगी जहां प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव का जल अभिषेक किया जाएगा एवं महा आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### शांति समिति की बैठक में कलेक्टर सोनिया मीना ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सभी त्यौहार आनंद, उल्लास, आपसी सद्भाव एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में आगामी त्योहारों, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में कानून व्यवस्था चाक चौबंद रहे तत्संबंध में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा आगामी पर्वों पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई एवं सुझाव दिए गए।

शांति समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि आगामी त्योहारों के दौरान पर्यावरण, स्वच्छता, एवं सुरक्षा की दृष्टि से नगर के प्रमुख नर्मदा घाटो पर मूर्ति विसर्जन पूर्णता प्रतिबंधित रहेगा। नगर पालिका द्वारा तैयार किए गए विसर्जन कुंड में ही मूर्ति विसर्जन किया जाए। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को निर्देश दिए की नगर पालिका परिषद द्वारा एक अन्यत्र विसर्जन कुंड तैयार किए जाने के लिए स्थान चयनित किया जाए।




कलेक्टर सोनिया मीना ने बैठक के दौरान कहा कि पूर्व की तरह जिले में आगामी पर्व भी शांतिपूर्ण एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाया जाए। आपसी सौहार्द एवं भाईचारा ही नर्मदापुरम जिले की परंपरा है। कलेक्टर ने कहा कि आगामी त्योहारों पर चल समारोह, जुलूस आदि का शांतिपूर्ण ढंग से आयोजन किया जाए। इसके लिए हम सभी का आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। साथ ही पर्वो पर यातायात, पार्किंग, बिजली आदि की बेहतर व्यवस्थायें करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे। नियमों का उल्लंघन करने वाले बस एवं वाहनों पर चालानी कार्यवाही की जाए। कलेक्टर ने सभी धर्मगुरुओं एवं आमजनों से कहा है कि आगामी पर्वों पर जुलूस, चल समारोह, रैली आदि का आयोजन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी की अनुमति के साथ ही किया जा सकेगा। उन्होनें कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का शासन के निर्देशानुसार निर्धारित मानक मापदंडों के अनुरूप ही संचालन किया जाए। कलेक्टर द्वारा स्नान दान व्रत पूर्णिमा आदि स्नान पर्वों के दौरान घाटों पर साफ सफाई नगरपालिका को संयुक्त रूप से व्यवस्थाएं बनाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के लिए घाटों पर होमगार्ड बल की ड्यूटी भी लगाई जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि उक्त परिप्रेक्ष्य में जिले के समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारियों एवं तहसीलदारों यथा नर्मदापुरम, इटारसी, सिवनी मालवा, सोहागपुर, पिपरिया पर्व के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए जाने के लिए अपने-अपने तहसीलों में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करे।

#### समिति सदस्यों ने दिए सुझाव

समिति सदस्यों द्वारा बैठक में आगामी त्योहारों के संबंध में विशेष साफ सफाई, पर्याप्तश बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने, जगह जगह प्याऊ की व्यवस्था करने, चौक चौराहों पर से अतिक्रमण हटाए जाने, ट्रैफिक व्यवस्था आदि के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए।

#### इन पर हुई चर्चा

रक्षा बंधन, हरतालिका तीज व्रत, श्री गणेश चतुर्थी, श्री गणेश स्थापना, दशलक्षण (पर्यूषण), डोल ग्यारस, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश विसर्जन, अनंत चतुर्दशी/विश्वकर्मा, स्नानदान व्रत पूर्णिमा/पितृ तर्पण आदि त्यौहारों के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई।

## अधिकारियों ने बाबा वेयरहाउस से जांच हेतु लिए मूंग के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

रविवार को अधिकारी बाबा वेयरहाउस की जांच करने पहुंचे जांच दल में वेयरहाउस लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने खरीद की गई मूंग की जांच की स्टेग की जांच की गई और सैंपल लिए हैं शनिवार और रविवार को मूंग की तुलाई नहीं होने से ट्रैक्टर ट्राली की लाइन लगी हुई है विकासखंड में सात वेयरहाउस में उपार्जन केंद्र बने है जिस्म अलग-अलग सहकारी समिति मूंग खरीदी कर रही है किसानो की परेशानी यह है सर्वेयर समिति पबंधक और वेयरहाउस संचालक में तालमेल नहीं था सबका गुणवत्ता जांचने का पैमाना अलग कई किसानों की एफ ए क्यू क्वालिटी की मूंग कैंसिल की गई जिसे बाद पास किया गया तो यह भी चर्चा है की लेनदेन कर बगैर पंखा छनना लगाए मूंग की खरीदी भी की गई है।

जांच के दौरान स्थानीय अधिकारी कर्मचारी सर्वेयर की उपस्थिति में वेयरहाउस लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के आर एम लेवल के अधिकारियों ने पंचनामा बनाया गया और सैंपल जांच के लिए ले गए हैं अब जांच के बाद ही गुणवत्ता का पता लगेगा ।

### शंभू कावड़ यात्री आज करेंगे रामेश्वर महादेव का अभिषेक

**माखन नगर।** पूज्य गुरुदेव गृहस्थ संत पंडित मनमोहन मुद्गल जी महाराज की दिव्य प्रेरणा से शंभू भक्त मंडल एवं सांगा खेड़ा खुर्द के ग्रामवासी सांगा खेड़ा में नर्मदा जी का पूजन कर सभी कावड़ यात्री नर्मदा जल लेकर माखन नगर स्थित राम जानकी मंदिर पहुंच कर रामेश्वर महादेव का अभिषेक करेंगे। कावड़ यात्रा गृहस्थ संत साधक प्रकाश मनमोहन मुदगल जी के सानिध्य में श्रावण माह के अंतिम सोमवार 4अगस्त को निकाली जा रही है सुबह 9:00 बजे पूजन के बाद कावड़ यात्रा निकलेगी।

### लायंस क्लब ने किया काबड़ यात्रा का स्वागत और सम्मान

**माखन नगर।** रविवार को लायंस क्लब द्वारा ला कृष्णकांत झा द्वारा चौकाघाट से तिलक सिंदूर के लिए निकली जा रही कावड़ यात्रा का माखन नगर में स्वागत सम्मान किया गया जिसमें लायंस क्लब के संरक्षक लायंस विजयपाल लायंस अध्यक्ष ला राजेंद्र राजपूत ओर लायंस के सभी पदाधिकारी सदस्य उपस्थित थे यात्रा का स्वागत कावड़ की पूजा कर तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर किया गया एवं लायंस द्वारा सभी कांवड़ियों को स्वल्पाहार कराया गया मीनेश डेंटल क्लिनिक के सामने काबड़ियों का स्वागत सम्मान किया गया।

## विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने श्री शिव नर्मदापुराण कथा में संतजी के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



आध्यात्मिक चेतना एवं धार्मिक श्रद्धा से ओत-प्रोत वातावरण में लोधा लौवंशी भवन, सिवनी मालवा में चल रही श्री शिव नर्मदापुराण कथा में क्षेत्रीय विधायक आदरणीय श्री प्रेमशंकर वर्मा ने श्रद्धा एवं भक्ति के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्होंने महात्मा संत पंडित जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं अत्यंत श्रद्धा भाव से दिव्य कथा का श्रवण किया। संत पं. जी के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही कथा अमृतवर्षा ने सभी श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया।

विधायक वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि श्री शिव नर्मदापुराण जैसे दिव्य ग्रंथों की कथा न केवल हमें आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करती है, बल्कि यह जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला प्रेरणास्त्रोत भी है। यह कथा हमारे भीतर आत्मिक शांति, संतुलन और आस्था की भावना को गहराई से जागृत करती है। उन्होंने आगे कहा कि भागवत, नर्मदापुराण जैसे ग्रंथ हमारे जीवन में आध्यात्मिक दृष्टि से जागृति लाते हैं, और हमें सत्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इन आयोजनों में सहभागिता करके हम न केवल पुण्य लाभ अर्जित करते हैं, बल्कि समाज में भी सद्भावना और संस्कारों का प्रसार करते हैं। कार्यक्रम स्थल पर भजन, पूजन एवं धार्मिक वातावरण के बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर दिव्यता का अनुभव किया। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा अत्यंत श्रद्धा एवं समर्पण भाव से किया गया। संत पं. जी के ओजस्वी वचनों ने श्रोताओं को भक्ति की गहराइयों से जोड़ा।

विधायक वर्मा ने आयोजन समिति को साधुवाद देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एक नई दिशा देते हैं और हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों में सहभागिता कर आत्मिक उन्नति की ओर अग्रसर होना चाहिए।

## श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में जारी है ज्योतिर्लिंग का महाअभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर में द्वादश पार्थिव ज्योतिर्लिंग का पूजन, अभिषेक एवं एक लाख रूद्रि निर्माण चल रहा है। जिसके तहत रविवार को काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन एवं अभिषेक मुख्य यजमान यतेंद्र नीतू दुबे ,रीतेश मालवीय, मनोज मनीषा डोनी, अर्जुन सविता कैथवास ने किया । मुख्य आचार्य पं. विनोद दुबे बताया कि यह प्राचीन तीर्थ स्थान वाराणसी कहलाता है। क्योंकि यह वारूणी और अस्सी नदियों का संगम स्थल है जो गंगाजी का मिलन केंद्र हैं। बनारस के अलावा इस नगरी का नाम काशी भी है। यहां पहले काश जाति के लोग रहते थें। उन्होंने कहा कि काशी नगरी मोक्ष का प्रकाश और ज्ञान दात्री है। यहां के निवासी किसी भी तीर्थ स्थान की यात्रा किए बिना ही मुक्ति के हकदार हो जाते है। काशी में जिनके प्राण जाते है उन्हें मोक्ष मिलता ही है। और यहां पर किए गए सत्कर्त कई कल्पों तक समाप्त नहीं होते है। यहां देवता भी मृत्यु की कामना करते है वैसे तो बनारस में करीब 1500 मंदिर है लेकिन काशी के मंदिर में विश्वनाथ मंदिर का शिखर 100 फिट ऊंचा है। काशी क्षेत्र और विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग विश्व का मोक्ष पाने के लिए लोग काशी में आते है। काशी क्षेत्र और विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग विश्व का अति पवित्र श्रद्धा स्थान है यहां का गंगोदत भू-लोक का अर्मत है काशी विश्वनाथ का ज्योर्तिलिंग दुनिया में अनूठा और अदभुत है काशी के समीप ही गंगा धनुष के आकार ही हुई है इसका वैभव वैदिक काल से चला आ रहा है। आयोजन में अभिषेक पूजन पं. सत्येन्द्र पांडेय एवं पं. पीयूष पांडये द्वारा प्रतिदिन कराया जा रहा है। सोमवार को महाकाल ज्योतिर्लिंग के पार्थिव स्वरूप की पूजन एवं रूद्राभिषेक किया जाएगा।

## मालेगांव मामले में आया फैसला राष्ट्रवाद और न्यायपालिका की निष्पक्षता का प्रतीक हैः शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मालेगांव विस्फोट प्रकरण में एनआईए अदालत द्वारा सुनाया गया निर्णय न केवल एक न्यायिक फैसला है, बल्कि भारत की राष्ट्रवादी विचारधारा की वैचारिक पुनर्पुष्टि भी है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने आज एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि यह फैसला स्पष्ट करता है कि सत्य को दबाया जा सकता है, लेकिन मिटाया नहीं जा सकता। वर्षों तक राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित होकर राष्ट्रवादी संगठनों और निर्दोष व्यक्तियों को इस केस में झूठे आरोपों के तहत फंसाया गया। "हिंदू आतंकवाद" जैसी काल्पनिक अवधारणा को गढ़कर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रभक्ति को कलंकित करने का प्रयास किया गया, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है।

श्रीमती शुक्ला ने कांग्रेस पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि यह मामला उस समय की सत्ता में रही कांग्रेस सरकार द्वारा रची गई एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश थी। विपक्ष ने वोटबैंक की राजनीति के चलते देश के भीतर राष्ट्रवाद से जुड़े संगठनों और कार्यकर्ताओं को गलत तरीके से टारगेट किया। इसका एकमात्र उद्देश्य राजनीतिक लाभ प्राप्त करना और भारत की सांस्कृतिक आत्मा को चोट पहुंचाना था।

#### जनता में विश्वास की पुनः स्थापना

भाजपा जिलाध्यक्ष ने भारत की न्यायपालिका का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस फैसले ने आमजन के मन में न्याय व्यवस्था के प्रति भरोसे को और अधिक मजबूत किया है। अदालत ने तथ्यों, प्रमाणों और निष्पक्ष विचार के आधार पर यह निर्णय दिया, जिससे स्पष्ट होता है कि देश का संविधान और न्याय प्रणाली अब भी राजनीति से ऊपर है। भाजपा सदैव आतंकवाद के खिलाफ सख्त रही है और रहेगी, चाहे वो किसी भी विचारधारा से जुड़ा हो। लेकिन जब किसी निर्दोष को केवल उसकी वैचारिक प्रतिबद्धता के चलते फंसाया जाए, तो यह लोकतंत्र, मानवाधिकार और संविधान — तीनों के मूल्यों के खिलाफ है। प्रीति शुक्ला ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सोशल मीडिया और राजनीतिक प्रचार से भ्रमित न होकर तथ्य, संविधान और राष्ट्रहित के पक्ष में सोचें। आज का फैसला युवाओं के लिए यह सीख है कि झूठ कितना भी फैला लिया जाए, अंततः सत्य ही विजयी होता है।

#### राष्ट्र की आत्मा की जीत

शुक्ला ने कहा कि मालेगांव केस में आया यह फैसला न केवल निर्दोषों के लिए न्याय है, बल्कि भारत की आत्मा और उसकी गौरवशाली विचारधारा की जीत है। अब वक्त है कि जिन लोगों ने इस झूठे केस को राजनीतिक लाभ का साधन बनाया, उनकी जवाबदेही भी तय की जाए।

## युवा मांझी समाज ने किया प्रतिभा सम्मान




**इटारसी।** रविवार को इटारसी मे युवा मांझी समाज संगठन(युमांस) इटारसी द्वारा छटवें वर्ष मे शिक्षा एवं खेल मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालो के लिए श्री निषादराज प्रतिभा सम्मान समारोह रखा गया। इस कार्यक्रम मे नर्मदापुरम जिले के सत्तर से ज्यादा शिक्षा एवं खेल की प्रतिभायो का सम्मान पत्र एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। युमांस संगठन के अध्यक्ष राकेश रायकवार ने बताया कि कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे राजू बाथम पूर्व राज्यमंत्री मप्र उपस्थित हुए एवं विशेष अतिथि के रुप में गोविंद रायकवार नापतौल विभाग निरक्षक भोपाल उपस्थित हुए। इस वर्ष संगठन द्वारा कुसुम मालपानी स्कूल इटारसी की छात्रा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ग्राम डोलारिया की छात्रा की साल भर की फीस संगठन के माध्यम से दी गई। मुख्य अतिथी राजू बाथम ने छात्र-छात्राओं का शुभकामना देते हुए कहा कि जिस क्षेत्र मे आपकी रुचि है उसमे कडी मेहनत कर आगे बढे। छात्र छात्राओ को शिक्षा के साथ-साथ समाज और धर्म के साथ भी जुड़ना चहिए।

## कॉलेज की छात्राओं ने सीखी मत्स्यापालन की नई तकनीक एवं किया हेचरी का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा की छात्राओं ने व्यावसायिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से मत्स्य पालन की बारीकियों को सीखा। महाविद्यालय के आचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में छात्राओं ने केंद्रीय मत्स्य शिक्षण संस्थान एवं मध्य प्रदेश मत्स्य बीज प्रक्षेत्र, पवारखेड़ा का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्राओं को मत्स्य बीज उत्पादन, तालाबों का प्रबंधन और आधुनिक मछली पालन की तकनीकों की जानकारी दी गई। मध्य प्रदेश मत्स्य महासंघ की प्रक्षेत्र प्रभारी कविता उइके ने छात्राओं को चाइनीज हैचरी की प्रक्रिया, अंडों से लेकर मत्स्य बीज फ्राई, फिंगरलिंग तक की सम्पूर्ण श्रृंखला से परिचित कराया।



केंद्रीय मत्स्य शिक्षण संस्थान के प्रभारी डॉ. शशि भूषण के निर्देशन में श्री पवन कुमार द्वारा छात्राओं को D-85 हैचरी, चाइनीज हैचरी, मागुर हैचरी एवं झींगा हैचरी का व्यावहारिक अवलोकन कराया गया। इन सभी हैचरियों में मछली पालन की उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन किया गया, जिससे छात्राओं को रोजगारपरक शिक्षा की ओर एक महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण में महाविद्यालय से डॉ. सतीश बालापुरे, डॉ. दुर्गा मीणा एवं नीलम शर्मा भी छात्राओं के साथ उपस्थित रहे। भ्रमण का उद्देश्य रोजगारोन्मुखी शिक्षा से जोड़ना और ग्रामीण आजीविका के वैकल्पिक साधनों से परिचित कराना था।

## अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का 18वें राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रतिभाएं हुई सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का 18वां राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को संपन्न हुआ। समापन दिवस पर वाल्मीकि महासभा के संभागीय अध्यक्ष पार्षद मनजीत कलोशिया ने बताया कि अधिवेशन के दूसरे व अंतिम दिन, समाज व संगठन के भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुई और निर्णय लिए गए।

समापन समारोह में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय रामगोपाल राजा, प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम डागौर, एवं प्रदेश संयोजक विवेक घारू ने संगठन की दिशा और समाज के उत्थान हेतु कार्ययोजनाओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

अधिवेशन में विभिन्न राज्यों से आए पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे और मिलकर यह संकल्प लिया कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाते हुए समाज के अधिकारों, शिक्षा, स्वाभिमान एवं सामाजिक न्याय के लिए संगठित प्रयास किए जाएंगे।

यह अधिवेशन एकता, संगठन और समाज सेवा के नए संकल्पों के साथ संपन्न हुआ, जो पूरे देश में वाल्मीकि



समाज को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। वाल्मीकि महासभा के नगर अध्यक्ष विक्रम डागोरिया के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज इटारसी के सभी वरिष्ठ समाजसेवियों का मंच पर पगड़ी पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

### प्रधानमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री का माना आभार, सौगातों का दिखाई दिया जोश

# किसान निधि मिलने पर डांडिया नृत्य कर मनाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्रावण मास का पवित्र माह एवं हरियाली के बीच जब किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त की सौगात मिली, तो गांवों में उत्सव का माहौल बन गया। ग्राम चंदेरी, कुलांसखुर्द, कुलांसकलां और रामाखेड़ी, उल्झावन के सौ से अधिक किसानों ने किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में लंहगी खेली और डांडिया नृत्य कर इस सम्मान निधि के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। किसान खेत-खलिहानों से निकलकर और परंपरागत संस्कृति को संझोते हुए पोशाकों पहनकर ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया, तो राहगीरों की नजरें वहीं ठहर गईं। इस आयोजन में न केवल आर्थिक संबल के प्रति कृतज्ञता प्रकट की, बल्कि





गांव की एकता, संस्कृति और परंपराओं को भी सजीव कर दिया। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एम.एस.मेवाड़ा ने कहा कि यह सहायता बारिश के मुश्किल दौर में बड़ी राहत है। ग्रामीण भारत के आत्मबल, सहयोग और आनंद का प्रतीक बन गया, जहां खुशियां जाहिर नाचकर मनाई गईं।

### पुलिस ने की अवैध शराब जब्त




**बुधनी।** जिला सीहोर के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत द्वारा जिले में अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी निर्देशानुसार, एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी शाहगंज निरीक्षक दिनेश सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही की गई। शनिवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सफेद रंग की हुंडई आई-10 कार क्रमांक DL-4C/AP-4489 में अवैध शराब लेकर भोपाल की ओर से आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम खटपुरा, भोपाल-शाहगंज मुख्य मार्ग पर उक्त वाहन को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन की डिग्गी में प्लास्टिक की चार सीलबंद बोरियों में कुल 400 क्वार्टर गोवा व्हिस्की (प्रत्येक 180 मि.ली.), कुल 72 लीटर, जिसकी अनुमानित कीमत 44,000/- है, बरामद की गई। वाहन चालक ने अपना नाम दिनेश पिता सुन्दरलाल सैनी, उम्र 41 वर्ष, निवासी ग्राम सूदोन, थाना शाहगंज, हाल निवासी बनेटा प्लॉट, शाहगंज बताया। शराब के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर वह प्रस्तुत नहीं कर सका। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय बुधनी में प्रस्तुत किया गया। घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जप्त कर लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### कृषि विज्ञान केंद्र ने दिए वर्षा ऋतु में आहार संबंधी सुझाव

**हरदा।** कृषि विज्ञान केन्द्र की वैज्ञानिक जागृति बोरकर ने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले के नागरिकों को आहार संबंधी सुझाव दिये हैं। बोरकर ने सलाह दी है कि वर्षा ऋतु में आहार संबंधी कुछ बातों का ध्यान रखें जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां के अंतर्गत अरबी के पत्ते, चिरोटिया, पोइ के पत्ते आदि का उपयोग करें। जड़ वाली सब्जियां, पत्ता गोभी एवं हरे पत्तेदार सब्जी आदि के उपयोग से परहेज करें, जहां तक संभव हो पानी उपचारित ही प्रयोग करें जिसमें इसे उबालना फिटकरी से साफ करना या क्लोरीन युक्त पानी का उपयोग शामिल है। इससे संचारित रोग के होने का खतरा कम हो जाता है।

### फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा फील्ड अधिकारियों के लिए सेल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की निर्बाधता सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर उपस्थित रहते हैं, जिससे वे नियमित उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाने की स्थिति में होते हैं। ऐसे में फील्ड कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु, और अधिकारियों की मैदानी आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस (ओएंडएम), एसटीएम/एसटीसी/, सतर्कता, बीआई सेल तथा सिविल विभागों में फील्ड ड्यूटी पर तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) एवं उससे ऊपर के अधिकारियों को 'अटेंडेंस पोर्टल 2' पर दो बार सैल्फी उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जाए।

## नेमावर के सिद्धनाथ घाट से शुरू हुई कांवड़ यात्रा

# 62 किलोमीटर दूरी तय करके आज चारुवा में भगवान भोलेनाथ को चढ़ाएंगे नर्मदा जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा




धर्म रक्षा समिति की दो दिवसीय कांवड़ यात्रा रविवार को नेमावर के सिद्धनाथ महादेव मंदिर से शुरू हुई। यात्रा में शामिल श्रद्धालु 22 किलोमीटर का पैदल सफर कर दोपहर 3 बजे हरदा पहुंचे। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कांवड़ यात्रा चारुवा के गुप्तेश्वर मंदिर के लिए रवाना हुई। खंडवा स्टेट हाईवे पर स्थित ग्राम कांकरिया में श्रद्धालु भोजन और रात्रि विश्राम करेंगे। सोमवार सुबह वे चारुवा के गुप्तेश्वर मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे।

रविवार को हरदा शहर पहुंचने पर कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सोमवार को 62 किमी की पैदल यात्रा पूरी कर गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर यात्रा समाप्त होगी। वहां कांवड़िये नर्मदा जल से भगवान गुप्तेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। धर्मरक्षा समिति के अनुसार यह लगातार 20वें वर्ष कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। समिति के सुभाष शर्मा ने बताया कि धर्मरक्षा के उद्देश्य से 18 साल पहले भाई श्याम शर्मा ने इस यात्रा की शुरुआत की थी। पहले वर्ष मुश्किल से 200 लोग शामिल हुए थे। लेकिन धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती गई। अब हर साल इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्वेच्छा से भाग लेते हैं।

रविवार सुबह नर्मदा नदी के तट पर भगवान सिद्धनाथ मंदिर में महादेव का पूजन-अभिषेक किया गया। हर-हर महादेव के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने नर्मदा से जल भरकर कांवड़ यात्रा शुरू की। बड़ी संख्या में भगवा वस्त्र धारण किए श्रद्धालु कावड़ लेकर चलते नजर आए। डीजे की धुन पर थिरकते हुए भगवान शिव के जयकारे लगाते रहे। दोपहर तीन बजे यात्रा ने नगर में प्रवेश किया। शहर में जगह-जगह सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान पूरा शहर शिवमय हो गया।

### जगह जगह हुआ स्वागत

इस कांवड़ यात्रा का जगह जगह स्वागत किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर अलग अलग संस्थाएं, राजनीतिक दल, ग्रामीण जन द्वारा कहीं पुष्पवर्ष करके स्वागत किया तो कहीं फल, नाश्ता, पानी, चाय आदि की व्यवस्था की गई।

## वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) अनिवार्य रूप से लगाए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों को इस आशय के आदेश दिये है। प्रदेश में एक अप्रैल 2019 के बाद पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

केन्द्र सरकार के सड़क परिवहन एवं राज्यमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना 4 दिसम्बर 2018 के अनुसार एक अप्रैल 2019 के बाद सभी पंजीकृत वाहनों में एचएसआरपी प्लेट लगाई जाना अनिवार्य है। वाहन पोर्टल में डाटा अपडेट करने के काम में तेजी लाई जा रही है। परिवहन विभाग ने परिवहन आयुक्त को इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है। प्रदेश भर में दल गठित कर संबंधित वाहन डीलर के माध्यम से एनआईसी वाहन पोर्टल पर अद्यतन स्थिति दर्ज की जायेगी। इसके लिये एक विशेष अभियान चलाया जायेगा।

### तीन माह में हो नम्बर प्लेट बदलने का कार्य

परिवहन विभाग ने एचएसआरपी प्लेट बदलने का कार्य आगामी 3 माह में पूर्ण करने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारियों को दिए है। निर्देश में कहा गया है कि अपने जिले के समस्त डीलरों से निरंतर सम्पर्क में रहते हुए वाहनों में एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगाई जाए। जिन वाहनों में एचएसआरपी नहीं है उन्हें पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सेंटर द्वारा प्रमाण पत्र, डुप्लीकेट पंजीकरण प्रमाण पत्र (आरसी) जारी करने, पंजीकरण प्रमाण पत्र में पता बदलना, शुल्क देकर आरसी विवरण देखना संभव नहीं हो सकेगा। साथ ही वाहनों के स्वामित्व बदलने, हाइपोथिकेशन जोड़ना और हटाना, नवीन-डुप्लीकेट परमिट जारी करना, परमिट का हस्तांतरण और नवीनीकरण, कराधान प्राधिकार के साथ अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करना और वाहन का पंजीयन निरस्तीकरण करना संभव नहीं हो सकेगा।

निर्देश में कहा गया है कि वाहन की स्थाई-अस्थायी अनुज्ञाएं जारी करने, डुप्लीकेट फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने, वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करना, वाहनों के पंजीयन नवीनीकरण करने के साथ ही वाहन पोर्टल के माध्यम से दी जाने वाली सभी सुविधाएं मोटर मालिकों को नहीं मिल सकेंगी। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि एचएसआरपी नंबर प्लेट होने से इन्फोर्समेंट के तहत लगाए गए कैमरे में दर्ज हो पायेंगी। इससे रोड सेफ्टी का भी पालन हो पायेगा। जिला परिवहन अधिकारियों को इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग के लिये भी कहा गया है।

## पुरानी रंजिश में हुई मारपीट, मामला दर्ज



**हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम रिजगाव में दो परिवारों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार रात मारपीट हुई। इस घटना में दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति घायल हो गया। लवकुश चौरे ने बताया कि दो महीने पहले उनके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने उनकी भांजी के साथ लव मैरिज की थी। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा था।

मजदूरी करके अपने गांव लौट रहा था शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे जब लवकुश का चाचा हरिराम (पिता बालाराम) मजदूरी करके अपने गांव लौट रहा था, तब पड़ोस में रहने वाले दशरथ, राजेंद्र, महेंद्र और दो महिलाओं ने कोलीपुरा के बजरंग मंदिर के पास उसकी बाइक रोककर मारपीट की। इससे हरिराम के सिर और कान में चोट आई। उन्हें रात को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि इस विवाद में दूसरे पक्ष के दशरथ को भी चोट लगी है। उसका हंडिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। हंडिया थाने में दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 173 मरीजों का परीक्षण किया




**खिरकिया।** बघेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर तथा रिलाएबल सोशल वेलफेयर सोसायटी, हरदा के तत्वावधान में चारूवा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 173 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। यह शिविर जीतेंद्र मेडिकल स्टोर्स बस स्टैंड चारूवा के परिसर में संपन्न हुआ। बीएचआरसी ग्रुप के संचालक डॉ विशाल सिंह बघेल ने बताया कि शिविर में उपस्थित चिकित्सकों ने करीब पौने दो सौ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी उचित परामर्श दिया। आवश्यक जांचें करने के साथ ही दवाओं का वितरण भी पूर्णतः निःशुल्क किया। शिविर में मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉ विशाल सिंह बघेल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनीत गौर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अभिलाषा राजपूत ने सेवा प्रदान की। डॉ जितेंद्र सोनी, डॉ रमन गुर्जर, डॉ मनीष, डॉ निर्मल सांतरा, डॉ आरके बघेला, डॉ अजय सांतरा, मेडिकल संचालक शैलेन्द्र सोनी, विजय जैन, दीपक अग्रवाल, अंकित गुर्जर आदि ने भी सहयोग दिया।

## उपलब्धि : एक्सेल हाइट्स स्कूल हरदा को मिला राष्ट्रीय गौरव




**हरदा।** जिले में संचालित एक्सेल हाइट्स स्कूल, हरदा को नेशनल स्कूल अवार्ड्स 2025 के अंतर्गत मध्यप्रदेश का सर्वाधिक तकनीकी रूप से उन्नत विद्यालय घोषित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान रविवार को नई दिल्ली स्थित रेडिसन ब्लू, द्वारका में आयोजित भव्य समारोह में स्कूल के संचालक संकल्प जैन को प्रदान किया गया। देशभर के चुनिंदा शिक्षण संस्थानों को दिए जाने वाले इस पुरस्कार में एक्सेल हाइट्स स्कूल ने तकनीकी नवाचार, स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग टूल्स और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को प्रभावशाली ढंग से अपनाकर विशेष स्थान अर्जित किया है।

विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संपूर्ण स्कूल परिवार प्रबंधन, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावकों में हर्ष और गर्व की लहर। यह उपलब्धि न केवल स्कूल के लिए बल्कि पूरे हरदा जिले के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। यह सम्मान शिक्षा क्षेत्र में हरदा को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान प्रदान करेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगा।

## मानव संपदा का अवदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में शनिवार को विकसित भारत के लिए मानव संपदा का अवदान विषय पर एक दिवसीय राज्य- स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सुदीप प्रजापति रहे।

आमंत्रित वक्ताओं के रूप में डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, शिक्षाविद/अर्थशास्त्री, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल; डॉ. हरीश व्यास, प्राचार्य, शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय, उज्जैन; तथा डॉ. सुयश कुमार, शिक्षाविद, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, ग्वालियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। तत्पश्चात वक्ताओं एवं अतिथियों का स्वागत किया गया एवं प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा ने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की रूप रेखा से सभी को अवगत कराया।

विशेष अतिथि सुदीप प्रजापति ने अपने व्याख्यान में विकसित भारत के लिए शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे छात्रों की सोच इस प्रकार से विकसित करें कि वह अपने देश से शिक्षा ग्रहण कर अन्यत्र न जाकर अपने देश के विकास में सहयोगी बने। प्रथम आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉ मनोज सिन्हा ने विकसित भारत के साथ-साथ खुशहाल भारत की संकल्पना पर जोर दिया। डॉ सुयश कुमार ने बताया कि भारत के विकास के लिए मानव संसाधन प्रमुख है, एवं केवल गुरु ही मानव संसाधन का निर्माण कर सकते हैं। डॉ कुमार ने उच्च शिक्षा की नीतियों के परिप्रेक्ष्य में धरातल पर आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए उनके उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की। डॉ हरीश व्यास ने अपने व्याख्यान में विकसित भारत 2047 की परिकल्पना पर जोर देते हुए, भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ आधुनिक शिक्षण तकनीकों के समन्वय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग को कृषि एवं उद्योगों के मध्य सेतु बनाकर कार्य करना होगा, तभी भारत का विकास संभव है। साथ ही मानव संसाधनों को समय - समय पर अपस्किल एवं रीस्किल करने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य एवं आइक्यूएसी समन्वयको द्वारा उच्च शिक्षा विभाग की नीतियों को भारत के विकास के लिए और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सुझाव प्रस्तुत किए गए।

## मध्यप्रदेश में चलेगा 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान

**हरदा।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताः स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण में 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी।

अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक/तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे।

अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे।

### पंचायतों में होगी विविध गतिविधियां

अभियान में स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम-जी) और जल-जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत गांवों, ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियाँ होंगी, जिनमें स्वच्छ सुजल गांव प्रतिज्ञाएं, सामुदायिक सफाई अभियान, परिसंपत्तियों की सफाई, जागरूकता गतिविधियां, जल-संरक्षण और 15 अगस्त 2025 को अमृत सरोवर, सार्वजनिक स्थानों आदि सहित प्रमुख वाश अवसंरचना स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह शामिल है। यह प्रतीकात्मक कार्य सुरक्षित जल और स्वच्छता तक पहुंच द्वारा लाई गई स्वतंत्रता, गरिमा और कल्याण को दर्शाता है।

अभियान में ज़िलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। इसमें स्थानीय संस्थाओं, ग्राम जल सेवा समितियों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं, साथ ही स्कूली बच्चों, स्वयं-सेवकों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को इस अभियान का नेतृत्व करने और इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा। अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने समस्त संभागायुक्त, कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किए हैं।

### इस पुल से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का होता है आवागमन

# बारिश बनी आफतः दो माह पहले पुल की रेलिंग टूटी पुलिया के पास मिट्टी बही, किसानों का रास्ता बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर में इस वर्ष साल अधिक बारिश ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की कलई खोल दी है। नादनेर गांव में नर्मदा नदी पर बने पुल की मात्र दो माह पूर्व कराई गई मरम्मत की पोल पहली ही बारिश में खुल गई। नर्मदा के उफान पर आने से नवनिर्मित रेलिंग और सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है।

स्थानीय निवासी शिवकार सिंह और राजेश सिंह ने बताया कि माखन नगर को जोड़ने वाले इस पुल से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। यहां से स्कूली बच्चे, आम नागरिक और मवेशी भी गुजरते हैं। रेलिंग का टूटना निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही को दर्शाता है।

### खेतों तक जाने का रास्ता बंद

इसी तरह मगरदा ग्राम पंचायत में दो दिन की लगातार बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पंचायत द्वारा निर्मित पुलिया के पास नदी के तेज बहाव से मिट्टी कटाव के कारण सैकड़ों किसानों का खेतों तक जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया है। करीब दो वर्ष पूर्व मगरदा ग्राम पंचायत द्वारा गाड़ाघाट पर बनाई गई पुलिया में नदी किनारे पीचिंग और पक्का गिट्टीकरण नहीं किया गया था। परिणामस्वरूप नदी के तेज बहाव से लगभग 10 मीटर चौड़ी मिट्टी बह गई है।

### मानसून सीजन में अब तक 34 इंच बारिश दर्ज की गई

विशेष रूप से इस मानसून सीजन में अब तक 34 इंच बारिश दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 26 इंच बारिश हुई थी। अधिक बारिश के कारण घटिया निर्माण वाली संरचनाएं लगातार क्षतिग्रस्त हो रही हैं।

## ग्राम रोजगार सहायक संघ भैरूंदा को मिला नया अध्यक्ष, सुनील पंवार निर्विरोध निर्वाचित



**भैरूंदा।** शनिवार को ग्राम रोजगार सहायक संघ, भैरूंदा की बैठक 2 अगस्त को आयोजित की गई। जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। इस चुनाव में सर्वसम्मति से सुनील पंवार को संघ का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। चुनाव के दौरान किसी भी पद पर कोई प्रतिद्वंदी उम्मीदवार सामने न आने से निर्वाचन प्रक्रिया सहज और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। संघ के सदस्यों ने एकमत होकर सुनील पंवार के नेतृत्व में विश्वास जताया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनील पंवार ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन के हित में पारदर्शिता, सहयोग और संवाद के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जीआरएस कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जनपद क्षेत्र भैरूंदा के कई ग्राम रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही। संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने भी सुनील पंवार को बधाई दी और उनके कार्यकाल में संगठन को नई दिशा मिलने की आशा जताई।